मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 43 ■ अंक : 50 ■ बुधवार, 30 अप्रैल 2025 ■ पृष्ठ 4

3 रुपए

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A.

Mobile.:- 9822045566

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

FOLLOW US

GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

epaper.ulhasvikas.com




पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**शादी के शुरू में अकेला महसूस करती थीं माधुरी**

# उल्हासनगर का बदलेगा चेहरा-मोहरा

## मनपा आयुक्त एक्शन में / सौंदर्यीकरण के लिए मनीषा आव्हाले के निरीक्षण दौरे के बाद काम में तेजी

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका ने उल्हासनगर शहर की सूरत बदलने और नागरिक सुविधाएं अधिक प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराने के लिए निर्णायक कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने हाल ही में शहर में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के बाद लोक निर्माण विभाग को कार्य की गति बढ़ाने तथा शेष बचे कार्यों को शीघ्र पूरा करने के स्पष्ट आदेश दिए गए हैं। आयुक्त के नेतृत्व में इस बार विशेष रूप से पांच महत्वपूर्ण स्थानों का निरीक्षण किया गया। जिसके आधार पर अगली दिशा तय की गई है।

उल्हासनगर कैंप क्रमांक 3 के संजय गांधीनगर इलाके में पुल के दोनों तरफ के डिवाइडर को नए और आकर्षक रंग से रंगने का आदेश दिया गया था। मानसून सीजन को देखते हुए यहां वालधुनी नदी की गहन सफाई की जानी चाहिए। इसके साथ ही कमिश्नर ने नदी के दोनों किनारों पर आत्मरक्षा दीवार बनाने के लिए तकनीकी प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति के लिए शासन को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उल्हासनगर रेलवे स्टेशन के पास स्मार्ट पार्किंग




का निर्माण किया गया है और रेलवे स्टेशन के चारों तरफ बाड़ लगाने का काम तुरंत शुरू करने के आदेश दिए गए हैं। इसके साथ ही विसर्जन घाट के सलाहकारों को डिजाइन, नक्शा और योजना तैयार करने तथा पूरे क्षेत्र को आधुनिक शैली में सुंदर बनाने का निर्देश दिया गया है।

> हमारी प्राथमिकता शहर के समग्र विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर कार्य पूरा करना है। प्रत्येक परियोजना की योजना और क्रियान्वयन नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया जाएगा।
>
> **-मनीषा अव्हाले**, आयुक्त, उल्हासनगर मनपा

शहर की आपातकालीन प्रणाली के लिए एक नया अग्निशमन भवन बनाया जा रहा है। नए अग्निशमन विभाग भवन के आसपास के क्षेत्र को साफ करने तथा भवन तक अग्निशमन वाहनों एवं अन्य उपकरणों की पहुंच सुगम बनाने की योजना बनाने के आदेश दिए गए हैं। पूरे भवन को आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा तथा इस स्थान पर शेष कार्य भी शीघ्र पूरा किया जाएगा। अग्निशमन विभाग के लिए नए अग्निशमन वाहनों की योजना पर भी विस्तार से चर्चा की गई। नए वाहनों के लिए आवश्यक स्थान, पहुंच मार्ग और सुविधाओं की योजना बनाकर आपातकालीन स्थितियों में दक्षता बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा।

# डांस बार पर छापा 37 गिरफ्तार



- पेनिसुला डांस बार पर धावा
- उल्हासनगर 5 में कार्रवाई
- उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने की कार्रवाई
- हिललाइन पुलिस में मामला दर्ज

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में ऑर्केस्ट्रा बार की आड़ में चल रहे डांस बार में बार बालाओं का अश्लील डांस चल रहाल था जहां पुलिस ने छापा मारकर 37 लोगों को गिरफ्तार किया है. इसमें 24 बार बालाएं और 13 ग्राहक शामिल हैं. उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने यह कार्रवाई की है. उल्हासनगर क्राइम ब्रांच की टीम ने आधी रात को उल्हासनगर कैंप 5 क्षेत्र में चल रहे पेनिसुला नामक ऑर्केस्ट्रा डांस बार पर अचानक छापा मारा. इस दौरान पुलिस ने बार के कर्मचारियों समेत 37 लोगों को गिरफ्तार किया और पुलिस ने शराब पीने आए 13 ग्राहकों को भी हिरासत में लिया है. इस मामले में हिललाइन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है. हालांकि उल्हासनगर शहरों में कई डांस बार हैं और ये डांस बार पूरी रात खुले रहते हैं. ज्यादातर डांस बार श्रीराम चौक परिसर में हैं। विट्ठलवाडी और सेंट्रल पुलिस क्षेत्र में एक दर्जन डांस बार है जहां बार बालाएं छोटे कपड़ों में किसी सिंगर के नाम पर डांस करती और अश्लील नृत्य करती नजर आती हैं।

# फ्लाईओवर के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

- उल्हासनगर 4 की घटना
- शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया
- हत्या के संशेय पर जांच कर रही पुलिस



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में फ्लाईओवर के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की गई। उल्हासनगर 4 के वाटर सप्लाई क्षेत्र में छत्रपति शाहू महाराज फ्लाईओवर के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला, घटना की जानकारी मिलते ही विट्ठलवाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सेंट्रल अस्पताल भेज दिया गया है। हालांकि अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। इस व्यक्ति की मौत किस वजह से हुई? पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि यह हत्या है या आत्महत्या।

# उल्हासनगर की डिजिटल यात्रा

## QR कोड स्कैन करें और घर बैठे पाएँ 52 बेहतरीन सेवाएँ



उल्हासनगर. उल्हासनगर शहर के नागरिकों के लिए महानगरपालिका ने डिजिटल युग में एक बड़ा कदम उठाया है। अब 52 विभिन्न महानगरपालिका सेवाओं, संपत्ति कर भुगतान, मंडप अनुमति और विकलांगों के लिए विशेष योजनाओं का लाभ घर बैठे ही क्यूआर कोड स्कैन करके प्राप्त किया जा सकेगा। प्रशासन ने नागरिकों को सेवाएं प्रदान करने के लिए एक आधुनिक तरीका चुना है, जिसके तहत सभी सेवाएं एक ही क्लिक पर उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे समय, प्रयास और कार्यालय की भीड़-भाड़ की बचत होती है। यह पहल स्पष्ट रूप से दर्शा रही है कि 'स्मार्ट उल्हासनगर' की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

उल्हासनगर महानगरपालिका ने शहर के नागरिकों को सहज, सरल और तीव्र सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजिटल सेवाएं शुरू की हैं, जिनमें महाराष्ट्र लोक सेवाओं के अधिकार अधिनियम 2015 के तहत कुल 52 सेवाएं शामिल हैं। इन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए नागरिकों को केवल अपने मोबाइल या कंप्यूटर से संबंधित क्यूआर कोड को स्कैन करके पंजीकरण करना होगा। उल्हासनगर महानगरपालिका की इस पहल से नागरिक घर बैठे विभिन्न सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे और उन्हें कार्यालय जाकर समय बर्बाद करने की आवश्यकता नहीं होगी।

उल्हासनगर मनपा ने इस पहल के माध्यम से नागरिकों को तेज, पारदर्शी और विश्वसनीय सेवाएं प्रदान करने का संकल्प लिया है। इससे नागरिकों का समय और प्रयास बचेगा तथा प्रशासन की कार्यकुशलता और नागरिकों की संतुष्टि बढ़ेगी।



> उल्हासनगर मनपा की ओर से, हमने नागरिकों को तेज, पारदर्शी और घर-आधारित सेवाएं प्रदान करने के लिए एक डिजिटल सेवा पहल शुरू की है। उम्मीद है कि नागरिक इन सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाएंगे और स्मार्ट उल्हासनगर की ओर एक साथ आगे बढ़ेंगे।
>
> **-मनीषा अव्हाले**, आयुक्त, उल्हासनगर मनपा

# उल्हास नदी पर टैंकर माफियाओं का कब्जा



- बदलापुर में पानी को लेकर हाहाकार
- ग्रामीण इलाकों में पानी की किल्लत
- दिनदहाड़े उल्हास नदी से चोरी

**बदलापुर.** गर्मी के दिनों में जहां बदलापुर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में पानी की किल्लत है, वहीं दूसरी ओर बदलापुर शहर से होकर बहने वाली उल्हास नदी का पानी टैंकर माफिया चुरा रहे हैं. मजे की बात यह है कि चोरी छिपी नहीं है, बल्कि ये टैंकर चालक दिनदहाड़े उल्हास नदी से पानी चुरा रहे हैं. इससे बदलापुर के लोगों को गर्मी के दिनों में पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है. यह नदी 50 लाख से अधिक लोगों को पानी की आपूर्ति करती है। बदलापुर शहर और बदलापुर के आसपास के ग्रामीण इलाकों की आबादी पांच लाख को पार कर गई है। इतनी बड़ी आबादी को पानी की आपूर्ति करने वाली एकमात्र संस्था महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण है और नियोजन की कमी के कारण जीवन प्राधिकरण हर जगह पानी की आपूर्ति करने में विफल रहा है. हालांकि, टैंकर माफिया ने उल्हास नदी के पानी पर कब्जा कर लिया है.

# उल्हासनगर में ट्रक में लगी भीषण आग

- लकड़ी की सामग्री जलकर खाक हो गई
- पड़ोसी अपार्टमेंट को भी नुकसान



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में एक ट्रक में अचानक आग लग गई, जिससे सारा लकड़ी का सामान जलकर खाक हो गया। आग इतनी भीषण थी कि इसका असर पड़ोसी अपार्टमेंट पर भी पड़ा। अपर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के कारण हुई इस दुर्घटना से नागरिकों में आक्रोश फैल गया है तथा जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।

कैंप-3 स्थित सुभाष नगर पंजाबी कॉलोनी इलाके में रविवार रात आग लग गई। औरंगाबाद रोडवेज ट्रांसपोर्ट कार्यालय के पास खड़े एक ट्रक में लकड़ी का सामान भरा जा रहा था, तभी अचानक आग लग गई और कुछ ही क्षणों में पूरा ट्रक जलकर खाक हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जब ट्रक में लकड़ी का सामान भरा जा रहा था, तो ट्रक को बांधने के लिए इस्तेमाल की गई रस्सी ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन के संपर्क में आ गई। इससे जोरदार चिंगारी निकली और ट्रक में तुरंत आग लग गई और कुछ ही मिनटों में पूरा ट्रक आग की चपेट में आ गया। इस बीच, आग ट्रक के बगल में स्थित शिवम अपार्टमेंट तक भी पहुंच गई और अपार्टमेंट के कुछ हिस्से को नुकसान पहुंचा है। आग की सूचना मिलने पर उल्हासनगर अग्निशमन विभाग की गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंची और अथक प्रयास से आग पर काबू पाया। हालाँकि, तब तक ट्रक और उसका सारा सामान नष्ट हो चुका था। घटना के बाद ट्रक मालिक और चालक दोनों मौके से फरार हो गए तथा पुलिस ट्रक मालिक और चालक की तलाश कर रही है।

# किणीकर ने विकास कामों पर मुख्याधिकारी से की चर्चा



- लोकल बोर्ड स्कूल नई इमारत का किया दौरा
- स्कूल जल्द शुरू होगी -अब्दुल शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर में शुरू विविध विकास कामों की विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने अवलोकन किया. उस समय पूर्व नगराध्यक्ष सुनिल चौधरी, पूर्व उप नगराध्यक्ष अब्दुल शेख उपस्थित थे. सोमवार को विधायक किणीकर ने शहर के विविध विकास कामों के बारे में नगर पालिका के मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड़ के साथ बैठक ली. कामों के बारे में जानकारी लेकर उस पर विस्तार से चर्चा की गई. इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए अब्दुल शेख ने बताया कि लोकल बोर्ड स्कूल की पुरानी बैठी स्कूल को तोड़कर बनाई जा रही नई इमारत का काम जल्द से जल्द पूरा करके यहां पर जल्द स्कूल शुरू करने के लिए वह प्रयत्नशील है और बताया कि पूर्व में बॉम्बे होटल के सामने से जाने वाला कांक्रीट का रास्ता पश्चिम में स्टेशन शास्त्रीनगर से मटका चौक भेंडी पाड़ा तक जाने वाली डीपी रास्ते का काम जल्द से जल्द शुरू करने पर चर्चा की गई. छत्रपति शिवाजी भाजी मार्केट को तोड़कर पुनर्विकास करने के बारे में भी चर्चा की गई है. चर्चा के समय विधायक किणीकर, मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड़, सुनिल चौधरी, अब्दुल शेख, रविंद्र करंजुले, सुभाष सालुंखे, अभियंता राजेश तडवी, अनेक मान्यवर, पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित थे.

# अंबरनाथ दर्गा रोड के अतिक्रमण हटाए गए



**प्रहार पक्ष ने संखे का किया सत्कार**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम के फायर ब्रिगेड के कोहोजगांव, दर्गा रोड एवं बी केबिन रोड पर अतिक्रमण किए हुए टपरी, हाथगाड़ी, शेड के बारे में नपा अतिक्रमण विभाग को शिकायतें प्राप्त हो रही थी. प्रहार पक्ष के अध्यक्ष आलम खान द्वारा दर्गा रोड के अतिक्रमण, हाथगाड़ी, टपरियों को हटाने की मांग की गई थी. यहां के अतिक्रमण धारकों को नपा ने 24 घंटे के भीतर अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी करके 24 घंटे बीत जाने के बाद नपा ने यहां के अतिक्रमण को हटाकर रास्ते पर की सभी अड़चनों को दूर करने के बाद आलम खान ने मंगलवार को अतिक्रमण विभाग के अधिकारी नरेंद्र संखे को शाल पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर सत्कार किया है. और कहा कि हमने अतिक्रमण पर कार्रवाई ना करने पर धरना आंदोलन करने का पत्र दिया था. अब जब अधिकारी ने अच्छा काम किया है तो उनका सत्कार भी करना जरूरी है.

उन्होंने कहा कि जुम्मा बाजार में भी सड़क पर अतिक्रमण करके फेरीवाले बैठ जाते हैं. उन पर भी शुक्रवार को कार्रवाई की जाएगी. दूसरी ओर नगर परिषद द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करके कहा गया है कि अगर यहां पर दोबारा टपरी अथवा हाथगाड़ी का अतिक्रमण किया गया तो टपरी, हाथगाड़ी को तोड़ दिया जाएगा और अतिक्रमण धारक पर पुलिस में अपराध भी दाखिल किया जाएगा.




**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास

## संपादकीय

### आक्रोश बढ़ाने वाले बयान

यह अच्छा हुआ कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने पहलगाम की बर्बर आतंकी घटना पर अपने नेताओं के बेतुकी बयानों का संज्ञान लिया और यह निर्देश दिया कि वे इस हमले पर पार्टी लाइन के हिसाब से ही बोलें। ऐसे निर्देश देने इसलिए आवश्यक हो गए थे, क्योंकि उसके कई बड़े नेता और यहां तक कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री भी बेलगाम होकर यह कह गए कि हम युद्ध के पक्ष में नहीं। उन्होंने ऐसा तब कहा, जब पहलगाम हमले को लेकर बुलाई गई बैठक में सरकार की ओर से पाकिस्तान के खिलाफ उठाए गए कदमों को सही ठहराते हुए विपक्षी दलों की ओर से यह संदेश दिया गया कि आतंकवाद के दमन के लिए सरकार जो भी निर्णय लेगी, उन्हें उनका समर्थन रहेगा। इस संदेश की कांग्रेस के कई नेताओं ने अनदेखी की और ऐसी बातें कह गए, जिन्हें पाकिस्तान ने अपने पक्ष में भुनाना शुरू कर दिया। कर्नाटक के मुख्यमंत्री के अनावश्यक बयान के बाद उनके एक मंत्री ने कहा कि आतंकियों के पास इतना समय कहां होता है कि वह किसी को मारने से पहले उसका धर्म पूछें। इसी तरह का बयान महाराष्ट्र के कांग्रेस विधायक ने भी दिया। हद तो यह हो गई कि यह भी बोला गया कि जो महिला कह रही है कि उसके पति को मारने से पहले उनसे उनका धर्म पूछा गया, उसने अपना होशोहवास खो दिया होगा। एक अन्य कांग्रेस नेता ने यह बेतुकी बात कही कि पाकिस्तान भाजपा और आरएसएस का दुश्मन होगा, कांग्रेस का नहीं? ऐसे बयान केवल संवेदनहीन और पहलगाम हमले से क्षुब्ध देशवासियों का खून खौलाने वाले ही नहीं, आतंक को खाद-पानी देने वालों के मन की मुराद पूरी करने वाले भी हैं। कम से कम कांग्रेस नेताओं को तो यह पता होना चाहिए कि बेहूदे बयान शत्रुओं को खाद-पानी देते हैं। राष्ट्रीय हितों पर चोट करने और देश की एकजुटता को प्रभावित करने वाले बयान यही नहीं बताते कि राजनीतिक कटुता के चलते नेतागण संवेदनशील मामलों में भी बोलते समय अपने विवेक का परित्याग कर देते हैं, बल्कि यह भी इंगित करते हैं कि उन्हें राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर भी पार्टी लाइन की कोई परवाह नहीं रहती। पहलगाम में दिल दहलाने वाले हमले पर अन्य दलों के भी कुछ नेताओं के भी ओछे बयान सामने आए हैं। जहां कुछ बयान अंधविरोध की घोर नकारात्मक राजनीति के चलते दिए गए, वहीं कुछ वोट बैंक की सस्ती राजनीति के कारण।

# राजनीति देश के लिए होती है, देश की कीमत पर नहीं

पहलगाम आतंकी हमला पहला मौका है, जब विपक्ष 'किसी भी जवाबी कार्रवाई' के लिए मोदी सरकार के साथ खड़ा दिख रहा है। उड़ी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक और पुलवामा हमले के बाद एयर स्ट्राइक के सुबूत मांगने वाले विपक्ष के रुख में यह बड़ा बदलाव है। सबसे बड़े लोकतंत्र की राजनीति के लिए यह निश्चय ही सकारात्मक संकेत है। संसदीय लोकतंत्र में सरकार बहुमत से बनती है, लेकिन सत्तापक्ष और विपक्ष, दोनों की भूमिकाएं महत्वपूर्ण रहती हैं।

अपेक्षा की जाती है कि अपनी-अपनी राजनीतिक विचारधारा पर अडिग रहते हुए भी वे राष्ट्रहित के मुद्दों पर सहमति के साथ आगे बढ़ें, ताकि देश चुनौतियों का सामना अच्छे से कर पाए। विधानमंडलों की कार्यवाही सुचारु रूप से चलाने में सत्तापक्ष की जिम्मेदारी ज्यादा मानी जाती है, पर सच यह है कि एक हाथ से ताली नहीं बजती।

दलगत राजनीति से प्रेरित अवांछित टकराव के लिए किसी एक पक्ष को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। पिछली लोकसभा के आखिरी सत्रों तथा नई लोकसभा के अभी तक के सत्रों में विधायी कामकाज के आंकड़ों पर भले कुछ दावे किए जाएं, पर सच यही है कि बजट से लेकर अहम विधेयकों तक पर चर्चा राजनीतिक टकराव में फंसी रही।

विपक्ष की हंगामे की आदत और सत्तापक्ष की असहनशीलता किस हद तक बढ़ गई है, पिछली लोकसभा में संसद के दोनों सदनों से रिकार्ड संख्या में सदस्यों का निलंबन इसका एक बड़ा प्रमाण है।



विडंबना यह कि जब अनेक विपक्षी सदस्य निलंबन के चलते सदन से बाहर थे, तभी व्यापक प्रभाव वाले कई विधेयक मिनटों में पारित हो गए।

मोदी शासन के पहले मनमोहन सरकार के समय भी सत्तापक्ष और विपक्ष के रिश्तों एवं संसदीय विमर्श का स्तर आदर्श नहीं था। मनमोहन सरकार के समय घपले-घोटालों को लेकर संसद का अधिकांश समय तो हंगामे की भेंट ही चढ़ा। सत्तापक्ष और विपक्ष के बिगड़े रिश्ते संसदीय लोकतंत्र और देश हित में नहीं। हमारे नेता यह समझने के लिए तैयार हों कि राजनीति में 'मतभेद' स्वाभाविक हैं, लेकिन 'मनभेद' के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए।

पिछले 10-11 साल में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच 'मनभेद' राजनीतिक वैमनस्य में बदल गए हैं। सत्तापक्ष और विपक्ष द्वारा एक-दूसरे के नेतृत्व पर किए जाने वाले तीखे व्यक्तिगत कटाक्ष इसका प्रमाण हैं कि राजनीतिक विरोध अब निजी कटुता में तब्दील हो गया है। इस कटुता की शुरुआत गुजरात में मोदी के मुख्यमंत्रित्वकाल में वहां हुए दंगों से हो गई थी।

संप्रग सरकार के दौरान न सिर्फ मोदी और अमित शाह को इन दंगों के लिए दोषी बताते हुए उनके विरुद्ध कानूनी शिकंजा कसा गया, बल्कि मोदी को 'मौत का सौदागर' तक कहा गया। ऐसी आपत्तिजनक शब्दावली का इस्तेमाल याद नहीं पड़ता। तब से शुरू हुई निजी खुन्नस का ही परिणाम रहा कि मोदी के निशाने पर सोनिया और राहुल आ गए। सोनिया को 'राजमाता' तो राहुल गांधी को 'शहजादा' कहकर कटाक्ष किया गया। मामला एकतरफा नहीं रहा। राहुल भी कभी 'चौकीदार चोर है' का नारा उछालते रहे तो कभी नीरव मोदी के हवाले से मोदी सरनेम पर ही आक्षेप करते हुए अपने विरुद्ध मानहानि मुकदमे आमंत्रित करते रहे।

भाजपा एवं कांग्रेस के रिश्तों में तल्खी अधिक दिखती है, पर अन्य विपक्षी दलों के साथ भी सत्तापक्ष के संबंध सौहार्दपूर्ण नहीं हैं। ईडी, सीबीआइ, आयकर जैसी केंद्रीय एजेंसियों के 'राजनीतिक दुरुपयोग' के खिलाफ विपक्ष ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया, पर निराशा ही हाथ लगी।

ऐसा नहीं कि अतीत में सत्तापक्ष-विपक्ष में संबंध हमेशा सौहार्दपूर्ण रहे हैं, मगर ऐसी स्थिति शायद ही कभी दिखी हो। भारत के संसदीय इतिहास में तो मुखर नीतिगत मतभेदों के बावजूद देशहित में सहमति से राह निकालने तथा संकटकाल में सरकार की अप्रत्यक्ष मदद के उदाहरण भी मिलते हैं, पर वैसा तभी संभव है, जब एक-दूसरे को देशविरोधी मानने की मानसिकता से मुक्त हों और परस्पर कटुता के बजाय सम्मान का भाव हो।





हमारी आत्मा का बाहरी रूप ध्यान है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


**जरा हट के**

# यहां सजता है तलाकशुदा महिलाओं का बाजार

दुनिया के तमाम देशों में कई अनोखी चीजें हैं जो लोगों को काफी हैरान करती हैं. कहीं की मान्यताएं अलग हैं तो कहीं के रीति-रिवाज भिन्न हैं. जब दूसरे देशों के लोग इनके बारे में सुनते हैं तो हैरान होते हैं. कई बार लोगों के जीने का तरीका भी बेहद अलग होता है, जो सबको हैरान करता है. अफ्रीकी महाद्वीप पर एक देश है, जिसका नाम है मॉरिटेनिया. यहां पर एक तलाकशुदा महिलाओं का बाजार है. इस बाजार में मुस्लिम औरतें व्यापार करती हैं. सबसे ज्यादा हैरानी इस बात की है कि इस देश में तलाक लेने के बाद महिलाएं खुशियां मनाती हैं.

जो हैटब (Joe HaTTab) एक फेमस कंटेंट क्रिएटर हैं जो दुनिया के अलग-अलग देशों में घूमने जाते हैं और वहां से जुड़ी रोचक जानकारियां बताते हैं. पिछले साल जो मॉरिटेनिया देश गए थे. इस देश की खासियत है कि यहां पर सहारा रेगिस्तान और अटलांटिक महासागर का मिलन



होता है. ये एक मुस्लिम देश है, मगर यहां की परंपराएं काफी अलग और अनोखी हैं.

इस देश में एक बाजार है, जिसे पूरी दुनिया में तलाकशुदा महिलाओं का बाजार कहा जाता है. अपने इस वीडियो में जो इस मार्केट में जाते नजर आ रहे हैं. वो यहां पर कई औरतों से बातें करते हैं और उनके बारे में ज्यादा जानकारी बटोरने की कोशिश करते हैं. महिलाएं बताती हैं कि पुरुषों के लिए तलाक भले ही दर्दनाक हो, मगर औरतों के लिए मॉरिटेनिया में तलाक होना जश्न की बात होती है. तलाक के बाद वो बाजार में दुकान लगाती हैं और अपना फर्नीचर बेच देती हैं. हैरानी की बात ये है कि अविवाहित महिलाओं से ज्यादा तलाकशुदा औरतों से यहां के मर्द शादी करना चाहते हैं.

वीडियो में महिलाएं कहती हैं कि उनके देश में तलाक के बाद महिलाएं शर्मिंदगी महसूस नहीं करतीं, वो बिजनेस करती हैं, उनके लिए शादी सिर्फ एक आजीविका होती है जो खत्म हो गई है. तलाक किसी प्रकार की समस्या नहीं है. तलाक के बाद अन्य महिलाएं तलाकशुदा महिला को पार्टी देती हैं. लोगों ने इस वीडियो पर कमेंट कर के बताया कि ये देश बेहद शांतिप्रिय और अच्छा देश है.

# आखिर कब थमेगा आतंक का सिलसिला?

यह गंभीर चिंता का विषय है कि कश्मीर घाटी में आतंकवादी गतिविधियों पर विराम नहीं लग पाया है। पिछले हफ्ते पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पूरे देश में आक्रोश है। दुनिया के बहुत सारे देशों ने इसकी निंदा की है। उस हमले में छब्बीस लोग मारे गए। इसकी प्रतिक्रिया में भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। कश्मीर घाटी में सुरक्षा व्यवस्था चौकस कर दी गई है। पूरे कश्मीर ने इस घटना के विरोध में बंद रखा और आतंकवाद के खिलाफ जगह-जगह जुलूस निकाले गए। इसके बावजूद घाटी में अगर आतंकवादियों के मंसूबे कमजोर नहीं पड़े हैं, तो स्वाभाविक ही सुरक्षा इंतजाम को लेकर फिर से सवाल सिर उठाने लगे हैं।

गौरतलब है कि कुपवाड़ा में संदिग्ध आतंकवादियों ने एक समाजसेवक के घर में घुस कर उसे गोली मार दी। छिपी बात नहीं है कि घाटी में आतंकवादी हमलों के पीछे पाकिस्तान का हाथ है। हालांकि वह बार-बार अपने को पाक-साफ साबित करने की कोशिश करता है, भारत के प्रति सहयोग का दिखावा भी करता है, पर दुनिया की नजरों से उसकी हकीकत छिपी नहीं है। पहलगाम के बाद कुपवाड़ा में इस तरह घर में घुस कर हमला करने के पीछे दहशतगर्दों की मंशा साफ है। वे संदेश देना चाहते हैं कि उनके



मंसूबे कमजोर नहीं पड़े हैं।

मगर सवाल है कि वहां तैनात खुफिया एजेंसियों और सुरक्षा बलों से क्यों और कैसे चूक हो रही है कि वे आतंकवादियों की साजिशों को समय रहते समझ नहीं पा रहे। पहलगाम हमले के पीछे बड़ा कारण सुरक्षा इंतजाम में घोर लापरवाही थी। इसके लिए सरकार ने सर्वदलीय बैठक में अफसोस भी जताया और इसे तुरंत दुरुस्त कर लेने का आश्वासन दिया। इस वक्त वहां राष्ट्रीय सुरक्षा एजंसी घटना की जांच में जुटी है। पूरी घाटी में सुरक्षाबलों की संख्या बढ़ा दी गई है। खुफिया एजेंसियां चौकस हैं। इसके बावजूद अगर आतंकी किसी घर में घुस कर हमला करने में कामयाब हो जाते हैं, तो स्वाभाविक ही आतंकवाद से लड़ने संबंधी हमारी तैयारियों पर अंगुलियां उठेंगी। नौ वर्ष पहले नोटबंदी हुई, तो दावा किया गया था कि इससे आतंकियों की कमर टूट जाएगी।

फिर अनुच्छेद तीन सौ सत्तर खत्म करने के बाद भी लगातार कहा जाता रहा कि घाटी में आतंकवाद लगभग अपने अंतिम दौर में है। मगर हकीकत यह है कि इस अवधि में कई बड़ी आतंकी घटनाएं हो गईं, जिसकी ताजा कड़ी पहलगाम की घटना थी।

अच्छी बात है कि पहलगाम हमले के बाद सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं और आतंकवाद से निपटने के लिए अधिक कारगर तरीके पर विचार कर रही है। मगर अब तक के अनुभवों से जाहिर है कि आतंकवादी संगठनों को खत्म करने की कोई भी रणनीति अब तक कारगर साबित नहीं हो पाई है। पहलगाम हमले के बाद आम जनभावना यही है कि दहशतगर्दी को पोसने वाले पाकिस्तान के खिलाफ कोई निर्णायक कदम उठाया जाए। स्पष्ट है कि वहां की सेना आतंकवादियों को प्रशिक्षण और संरक्षण देती है।

वह खुद को वहां के हुक्मरान से ऊपर समझने लगी है और अपनी समांतर सत्ता चलाती है। ऐसे में, केवल सियासी पहलकदमी नहीं, सीमा पार चल रहे आतंकी ठिकानों को खत्म करने की रणनीति भी बनानी होगी। मगर पहले अपने सुरक्षा घेरे को अभेद्य और खुफिया तंत्र को अचूक बनाने की सख्त जरूरत है।

# 'मैंगो आइस्ड टी'




गर्मियों की तपती दोपहर में जब सूरज सिर पर आग बरसाता है, तब कुछ ऐसा चाहिए जो शरीर को फटाफट ठंडक दे और मूड भी रिफ्रेश कर दे। ऐसे में, अगर आप कुछ अलग और मजेदार पीना चाहते हैं, तो 'मैंगो आइस्ड टी' से बेहतर कुछ नहीं! आम के मीठेपन और आइस टी की ठंडक का यह जबरदस्त कॉम्बिनेशन आपको देगा एक ताजगीभरा एहसास, वो भी घर पर बेहद आसानी से। आइए, बिना देर किए जानते हैं कि कैसे कुछ ही मिनटों में आप बना सकते हैं सुपर कूलिंग 'मैंगो आइस्ड टी'.

**सामग्री :**

- पके हुए मीठे आम - 1 (छिला और टुकड़ों में कटा हुआ)
- ब्लैक टी बैग्स - 2
- पानी - 2 कप
- नींबू का रस - 1 छोटा चम्मच
- शहद या चीनी - स्वादानुसार
- बर्फ के टुकड़े - आवश्यकतानुसार
- पुदीने की पत्तियां - सजावट के लिए

**विधि :**

एक पैन में 2 कप पानी उबालें। पानी में उबाल आने पर उसमें टी बैग्स डालें और 2-3 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर टी बैग्स निकालकर चाय को ठंडा होने के लिए रख दें।



कटे हुए आम के टुकड़ों को ब्लेंडर में डालें और स्मूद प्यूरी बना लें। चाहें तो स्वाद बढ़ाने के लिए थोड़ा शहद या चीनी मिला सकते हैं।

अब एक बड़े जग में ठंडी चाय और आम की प्यूरी को अच्छे से मिलाएं। इसमें नींबू का रस भी डालें ताकि फ्लेवर में हल्की सी खटास और ताजगी आ जाए।

गिलास में बर्फ के टुकड़े डालें, फिर उसमें Mango Iced Tea भरें। ऊपर से पुदीने की पत्तियों से सजाएं और चाहें तो एक स्लाइस आम भी किनारे पर लगा दें।

आपकी सुपर फ्रेश और सुपर टेस्टी Mango Iced Tea अब सर्व करने के लिए तैयार है।

# बेसन, कच्चा दूध और कॉफी से बने फेस पैक के फायदे



### चेहरे की डलनेस हो जाएगी गायब, मिलेगी मुलायम स्किन

गर्मियों में स्किन को धूप, पसीने और प्रदूषण के कारण कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसके कारण त्वचा से जुड़ी कई समस्याएं, जैसे सन टैनिंग, सन बर्न, एक्ने आदि का सामना करना पड़ता है। लेकिन कुछ प्राकृतिक उपायों का इस्तेमाल करके त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाया जा सकता है।

बेसन, कच्चा दूध और कॉफी का फेस पैक त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद होता है। यह न केवल त्वचा को डिटॉक्स करता है, बल्कि उसे मुलायम और ग्लोइंग भी बनाता है। आइए जानते हैं इस पैक के फायदे और बनाने का तरीका।

### त्वचा को ग्लोइंग बनाना

कच्चे दूध में लैक्टिक एसिड होता है, जो त्वचा की रंगत को निखारता है। यह पैक चेहरे के दाग-धब्बों को कम करके नेचुरल ग्लो लाता है।

### त्वचा की सफाई और एक्सफोलिएशन

बेसन एक प्राकृतिक क्लेंजर है, जो त्वचा से गंदगी और डेड स्किन सेल्स को हटाता है। कॉफी में मौजूद दाने त्वचा को एक्सफोलिएट करके ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाते हैं, जिससे चेहरे पर नए सेल्स बनते हैं।

### ऑयली स्किन को कंट्रोल करना

गर्मियों में त्वचा ज्यादा ऑयली हो जाती है। बेसन त्वचा से एक्स्ट्रा ऑयल सोखकर पोर्स को टाइट करता है, जिससे मुंहासे और ब्लैकहेड्स की समस्या कम होती है।

### डार्क सर्कल्स और फाइन लाइन्स को कम करना

कॉफी में मौजूद कैफीन आंखों के नीचे के डार्क सर्कल्स को हल्का करता है और एंटी-एजिंग प्रभाव देता है। यह कोलेजन प्रोडक्शन को बढ़ाकर झुर्रियों को कम करने में मदद करता है।

### सनटैन और टैनिंग कम करना

धूप से होने वाले टैनिंग को हटाने के लिए यह पैक बहुत असरदार है। बेसन और दूध मिलकर त्वचा के टोन को इवेन करते हैं और सनबर्न से राहत दिलाते हैं।

### फेस पैक बनाने की विधि

**सामग्री-**

- 2 चम्मच बेसन
- 1 चम्मच कच्चा दूध
- 1/2 चम्मच कॉफी पाउडर

**बनाने और लगाने का तरीका-**

- एक बाउल में बेसन, कच्चा दूध और कॉफी पाउडर मिलाएं।
- अगर त्वचा रूखी है, तो इसमें शहद मिला सकते हैं।
- इस पेस्ट को चेहरे और गर्दन पर लगाएं।
- 15-20 मिनट तक सूखने दें, फिर गीले हाथों से स्क्रब करते हुए हल्के हाथों से मसाज करें।
- ठंडे पानी से चेहरा धो लें और मॉइश्चराइजर लगाएं।

**इन बातों का ध्यान रखें**

- अगर किसी को दूध से एलर्जी है, तो गुलाबजल का इस्तेमाल करें।
- पैक लगाने से पहले हाथों पर टेस्ट कर लें।
- सप्ताह में 1-2 बार ही इस पैक का इस्तेमाल करें।

## आज का राशिफल

**मेष** : स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में विशेषकर स्त्रियां सावधानी रखें। कार्यों की गति धीमी रहेगी। बुद्धि का प्रयोग करें। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। निराशा हावी रहेगी। आय में निश्चितता रहेगी।

**वृषभ** : आशंका-कुशंका के चलते कार्य की गति धीमी रह सकती है। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। सभी ओर से सफलता प्राप्त होगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लाभ होगा।

**मिथुन** : जीवनसाथी से कहासुनी हो सकती है। संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर होगी। करियर बनाने के अवसर प्राप्त होंगे। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। पारिवारिक सहयोग से कार्य में आसानी होगी। दूसरों के कार्य में दखल न दें। प्रमाद से बचें।

**कर्क** : बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ के असवर हाथ आएंगे। यात्रा में सावधानी रखें। किसी पारिवारिक आनंदोत्सव में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शत्रु पस्त होंगे। विवाद न करें। बेचैनी रहेगी।

**सिंह** : कोई बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। पारिवारिक चिंताएं रहेंगी। मेहनत अधिक तथा लाभ कम होगा। दूसरों से अपेक्षा न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। मातहतों का सहयोग नहीं मिलेगा। कुसंगति से बचें, हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय में निश्चितता रहेगी।

**कन्या** : मित्रों की सहायता कर पाएंगे। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता रहेगी। नया उपक्रम प्रारंभ करने की योजना बनेगी। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। समय अनुकूल है।

**तुला** : दूर से अच्छी खबर प्राप्त हो सकती है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। कोई बड़ा काम करने की योजना बनेगी। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर में अतिथियों पर व्यय होगा। किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रु शांत रहेंगे। प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक** : प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। शारीरिक कष्ट से कार्य में रुकावट होगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। निवेश में जल्दबाजी न करें। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। जरूरी वस्तु गुम हो सकती है।

**धनु** : अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। यात्रा में जल्दबाजी न करें। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। स्वास्थ्य पर बड़ा खर्च हो सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। आय में कमी रहेगी। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बेचैनी रहेगी।

**मकर** : विवेक का प्रयोग लाभ में वृद्धि करेगा। कोई बड़ी बाधा से सामना हो सकता है। राजभय रहेगा। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें। रुका हुआ धन मिल सकता है। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। किसी नौकरी में उच्चाधिकारी का ध्यान खुद की तरफ खींच पाएंगे।

**कुंभ** : समाजसेवा में रुझान रहेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। पुरानी व्याधि से परेशानी हो सकती है। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार वृद्धि होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा। भाइयों का सहयोग मिलेगा। समय अनुकूल है। लाभ लें। प्रमाद न करें।

**मीन** : राजकीय अवरोध दूर होंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। धर्म-कर्म में मन लगेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। निवेश शुभ रहेगा। प्रभावशाली व्यक्तियों से परिचय होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# कूलर की हवा से आ रही बदबू?

भीषण गर्मी से बचने के लिए कई घरों में कूलर का इस्तेमाल किया जा रहा है. यह एसी की तुलना में किफायती है और बिजली भी बचाता है. लेकिन कई बार इसकी हवा से मछली जैसी अजीब बदबू आने लगती है. यह न केवल असहनीय होती है, बल्कि कई तरह की बीमारियों का कारण भी बन सकती है. दरअसल, कूलर में लंबे समय तक जमा पानी, गंदे पैड्स और अंदर जमी फफूंदी से यह बदबू आती है. तो आइए जानते हैं कि कूलर की बदबू से कैसे छुटकारा पाया जा सकता है और इसे फिर से ताजा और साफ बनाने के लिए आप क्या कर सकते हैं.

### कूलर की बदबू दूर करने के आसान देसी उपाय

### समय-समय पर पानी बदलें

कूलर के टैंक में जमा पानी अगर कई दिनों तक बदलता नहीं है, तो उसमें बैक्टीरिया और फफूंदी पनपने लगते हैं, जिससे बदबू आने लगती है. इसलिए हर 2-3 दिन में कूलर का पानी पूरी तरह बदलें और टैंक को साफ करें.

### बेकिंग सोडा का करें छिड़काव

कूलर के टैंक या हवा के रास्ते में थोड़ा सा बेकिंग सोडा छिड़क दें. यह नेचुरल डियोडराइजर की तरह काम करता है और बदबू को जल्दी सोख लेता है.

### विनेगर या नींबू का करें इस्तेमाल

कूलर टैंक की सफाई करते समय उसमें




थोड़ा सा सफेद सिरका (विनेगर) या नींबू का रस मिलाएं. इससे न केवल बैक्टीरिया खत्म होते हैं, बल्कि दुर्गंध भी दूर होती है और हवा में ताजगी आती है.

### कूलर के पैड्स को बदलें या धोएं

अगर कूलर के पैड्स पुराने और गंदे हो गए हैं तो उनमें से भी बदबू आ सकती है. इन्हें समय-समय पर धोएं या जरूरत पड़ने पर नए पैड्स लगवाएं. साफ पैड्स से ठंडी और ताजा हवा मिलती है.

# कहीं आप नकली चाय पत्ती तो नहीं ले आए घर?

### 5 तरह से करें असली-नकली चाय की पहचान

चाय के शौकीनों की इस दुनिया में कोई कमी नहीं है. भारत में भी लाखों-करोड़ों लोग दूध वाली चाय पीना पसंद करते हैं. कुछ लोगों को तो चाय की इतनी बुरी लत होती है कि सुबह उठकर यदि एक कप गरमा गर्म चाय ना मिल जाए तो उनकी नींद ही नहीं टूटती है. खैर, चाय पीने के लिए आप अपनी पसंदीदा चाय पत्ती भी हर महीने खरीदते ही हैं. पैकेट वाली चाय पत्ती के साथ खुले में भी चाय पत्ती मिलने लगी है. लेकिन, आप जो चाय पी रहे हैं, उसमें डली चाय पत्ती की क्वालिटी कैसी है, क्या वह शुद्ध या असली है या फिर नकली तो नहीं? चाय की असली-नकली पहचान करने के तरीके.

### असली-नकली चाय की पहचान

- आप पानी में चाय पत्ती की जांच करें. इसके लिए एक ग्लास ठंडे पानी में थोड़ी सी चाय पत्ती डालें. यदि चाय असली होगी तो वह पानी में रंग धीरे छोड़ेगी. नकली चाय पत्ती होगी तो वह सेकेंड में ही पानी का रंग गहरा कर देगी.
- आप टिशू पेपर पर भी चाय पत्ती की शुद्धता की जांच कर सकते हैं. इसके लिए एक



टिशू पेपर लें. उस पर थोड़ी सी चाय पत्ती डालें. अब इसके ऊपर थोड़ी सी पानी छिड़क दें. यदि सेकेंड भर में टिशू पेपर का रंग गाढ़ा धब्बेदार हो जाए तो फिर चाय पत्ती आपकी अशुद्ध है.
- सभी वेराइटी की चाय पत्ती की अपनी एक खास तरह की खुशबू होती है. यदि स्मेल करने पर किसी भी तरह का गंध न आए तो समझ लें कुछ तो गड़बड़ है.
- आप जो चाय पत्ती का इस्तेमाल कर रहे हैं, यदि वह असली हुई तो उसका टेस्ट नेचुरल होगा, वहीं, नकली चाय पत्ती का स्वाद कड़वा या आर्टिफिशियल लग सकता है. चाय पत्ती असली होगी तो उनकी पत्तियों का साइज, शेप सभी एक समान होगी और रंग भी डार्क ब्राउन, काला, गहरा लाल हो सकता है. नकली होगी तो हल्के रंग की होगी.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### होने वाले दामाद संग फरार सास अचानक पहुंची थाने, बोली-अपनी खुशी से गई थी मैं इनके साथ

**गोंडा.** अलीगढ़ के बाद अब एक और सास के होने वाले दामाद के साथ फरार हो जाने का मामला चर्चा में है। गोंडा में इस महिला के घरवालों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस महिला की तलाश कर ही रही थी कि मंगलवार की सुबह 10 बजे के करीब वह अचानक बस्ती के दुबौलिया थाने पहुंच गई। महिला ने पुलिसवालों से कहा कि वह अपनी खुशी से होने वाले अपने होने वाले दामाद के साथ गई थी। चूंकि महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट गोंडा में दर्ज है इसलिए दुबौलिया पुलिस ने गोंडा पुलिस को बुलाकर महिला को उन्हें सौंप दिया। जबकि वह जिसके साथ फरार हुई थी वो होने वाला दामाद दुबौलिया (बस्ती) में ही है।

### एंटी करप्शन टीम के जाल में फंस गए दो बाबू, 70 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**हापुड़.** यूपी के हापुड़ में एंटी करप्शन की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। मंगवार की सुबह बीएसए कार्यालय के बाहर चाय की दुकान से दो बाबुओं को 70 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। बाबू ने ये रिश्वत स्कूल की मान्यता के नवीनीकरण के लिए मांगी थी। मेरठ से आई एंटी करप्शन की टीम ने बाबू को पकड़ने के लिए जाल बिछाया था। थाना देहात में टीम बाबुओं को लेकर पहुंची और पूछताछ में जुट गई। एंटी करप्शन टीम के निरीक्षक दुर्गेश कुमार ने बताया कि कुछ दिन पहले कोतवाली पिलखुवा क्षेत्र के शिवालिक ग्रीन निवासी सुकुमार पहाड़ी ने तीन दिन पहले उनसे शिकायत की थी। शिकायत में उन्होंने बताया था कि उनका पिलखुवा में भविष्य पब्लिक स्कूल के नाम से स्कूल है।

### नाबालिग का अपहरण कर कानपुर में गैंगरेप

**कौशांबी.** यूपी में कौशांबी के मंझनपुर में एक नाबालिग लड़की का अपहरण करके उसके साथ गैंगरेप किया गया और फिर उसे बेरहमी से मारापीटा गया। बताया जा रहा है कि कोखराज थाना क्षेत्र की एक किशोरी को पड़ोसी युवक ने साथी संग मिलकर अगवा कर लिया। कानपुर ले जाकर दोनों ने उसके साथ बंधक बनाकर सामूहिक दुराचार किया। विरोध करने पर बेरहमी से पिटाई की। दूसरे दिन किसी तरह पीड़िता दरिंदों के चंगुल से छूटकर घर पहुंच सकी। कोखराज क्षेत्र के पीड़ित ने बताया कि पड़ोसी युवक काफी दिनों से उसकी 16 वर्षीय बेटी के पीछे पड़ा हुआ था। 24 अप्रैल को घर के समीप से ही उसने अपने साथी के साथ मिलकर बेटी का अपहरण कर लिया। आरोपियों ने पीड़िता के साथ कई बार मनमानी की। 25 अप्रैल की रात दरिंदों के चंगुल से छूटकर किसी तरह पीड़िता घर पहुंची। उसने आपबीती परिजनों को बताई तो उनके होश उड़ गए।

### 3 महीने की बेटी को गला दबाकर मार डाला

**एटा.** यूपी के एटा से एक हैरान कर देने वाली खबर आई है। यहां एक सगी मां ने अपनी तीन महीने की बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। महिला का अपने पति से अक्सर झगड़ा होता रहता था। पति से नाराज होकर वह मायके आ गई थी। ससुरालवालों ने आरोप लगाया है कि महिला ने मंगलवार को अपनी तीन महीने की मासूम बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। ससुरालवालों की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।मिली जानकारी के अनुसार एटा के थाना बागवाला क्षेत्र के गांव ईशेपुर की रहने वाली महिला की शादी एक साल पहले जनपद अलीगढ के थाना गंगीरी क्षेत्र के गांव रतरोई में हुई थी।

# पेगासस रिपोर्ट सार्वजनिक करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

- कहा- देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी जानकारी सड़क पर चर्चा के लिए नहीं




**नई दिल्ली.** पेगासस जासूसी रिपोर्ट को सार्वजनिक करने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह की बेंच ने मंगलवार को कहा कि देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी किसी भी रिपोर्ट का खुलासा नहीं किया जाएगा।

बेंच ने कहा- व्यक्तिगत आशंकाओं का समाधान किया जा सकता है, लेकिन टेक्निकल पैनल की रिपोर्ट सड़कों पर चर्चा के लिए नहीं हो सकती। इस बात की जांच करनी होगी कि जानकारी किस हद तक साझा की जा सकती है। अगली सुनवाई 30 जुलाई को होगी।

2021 में एक पोर्टल ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि केंद्र सरकार ने 2017 से 2019 के दौरान करीब 300 भारतीयों की पेगासस स्पाइवेयर के जरिए जासूसी की। इनमें पत्रकार, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता, विपक्ष के नेता और बिजनेसमैन शामिल थे।

अगस्त 2021 में मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। कोर्ट ने अक्टूबर 2021 में जांच के लिए रिटायर्ड जस्टिस आरवी रवींद्रन की अध्यक्षता में कमेटी बनाई। अगस्त 2022 में इसकी रिपोर्ट आई। इसमें कहा गया कि 29 फोन की जांच की, उनमें पेगासस का कोई सबूत नहीं मिला, लेकिन उनमें से 5 में मैलवेयर पाया गया।

### याचिका में रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग

याचिकाकर्ता के वकील श्याम दीवान ने 22 अप्रैल को मामला सुप्रीम कोर्ट में उठाया था। उन्होंने सीलबंद लिफाफे में सौंपी गई रिपोर्ट को बिना किसी संशोधन के सार्वजनिक करने के निर्देश दिए देने की मांग की। उन्होंने कहा कि 2021 में बनाए गए टेक्निकल पैनल की रिपोर्ट सभी को देने का निर्देश दिया गया था, लेकिन ऐसी कोई रिपोर्ट शेयर नहीं की गई। पेगासस मामले में पत्रकार परंजॉय गुहा ठाकुरता की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि वॉट्सएप ने खुद ही खुलासा किया है कि हैकिंग हुई थी। उस समय सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ने भी हैकिंग होने के संकेत नहीं दिए थे। यहां तक कि एक्सपर्ट्स ने भी ऐसा नहीं कहा था। अब आपके पास वॉट्सएप से मिला सबूत है। हम उसे सार्वजनिक करेंगे। पेगासस जांच रिपोर्ट का संशोधित हिस्सा उन लोगों को मिलना चाहिए, जिनकी जासूसी हुई है। हालांकि, केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ स्पाइवेयर का इस्तेमाल करने में कुछ भी गलत नहीं है और उन्हें निजता का अधिकार नहीं दिया जा सकता।

# पाकिस्तान को कौन-कौन सी दवाएं भेज रहा भारत?

- सरकार ने मांगी रिपोर्ट,
- पड़ोसी देश में खलबली



**नई दिल्ली.** पाकिस्तान के साथ तनावपूर्ण रिश्तों के बावजूद, भारत लंबे समय से पाकिस्तान को जीवन रक्षक दवाओं और फार्मास्युटिकल उत्पादों की आपूर्ति करता रहा है। लेकिन अब भारत इस पर भी शिकंजा कसने की तैयारी में है। हाल ही में, भारत सरकार ने फार्मास्युटिकल्स एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल से पाकिस्तान को निर्यात की जाने वाली सभी दवाओं और फार्मा उत्पादों की विस्तृत सूची तुरंत तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इस कदम ने पाकिस्तान में हलचल मचा दी है, क्योंकि वह अपनी दवा आवश्यकताओं का लगभग 40% हिस्सा भारत से पूरा करता है।

### पहलगाम हमले के बाद बढ़ा तनाव

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई। इसने भारत-पाकिस्तान संबंधों को और तनावपूर्ण कर दिया है। इस हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाए, जिसमें अटारी चेक पोस्ट को बंद करना और पाकिस्तानी उच्चायोग में कर्मचारियों की संख्या कम करना शामिल है। इसके साथ ही, भारत ने व्यापारिक संबंधों पर भी पुनर्विचार शुरू किया, जिसके तहत दवाओं के निर्यात की समीक्षा का फैसला लिया गया। अब फार्मास्युटिकल्स विभाग ने पिछले दो वर्षों के निर्यात के आंकड़ों पर एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, क्योंकि भारत द्विपक्षीय व्यापार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की संभावना पर विचार कर रहा है। यह कदम पाकिस्तान के भारत के साथ व्यापार बंद करने की घोषणा के बाद उठाया गया है।

# भारत में पाकिस्तानी डिफेंस मिनिस्टर का X हैंडल बैन

- आज मोदी केंद्रीय कैबिनेट की बैठक करेंगे
- जम्मू-कश्मीर के 48 पर्यटन स्थल बंद




**नई दिल्ली.** पहलगाम हमले के बाद केंद्र सरकार की कैबिनेट की पहली बैठक बुधवार सुबह 11 बजे होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बैठक की अध्यक्षता करेंगे। भारत ने मंगलवार को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के X हैंडल पर रोक लगा दी है। पहलगाम हमले के बाद ख्वाजा आसिफ का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने स्वीकार किया था कि पाकिस्तान लंबे अरसे से आतंकी संगठनों की फंडिंग करता आ रहा है। भारत ने सोमवार को भी 17 पाकिस्तानी यू-ट्यूब चैनल्स बैन कर दिए थे।

पहलगाम हमले में आज इंटेलिजेंस एजेंसियों ने बड़ी जानकारी दी। इंटेलिजेंस एजेंसियों के सूत्रों ने बताया कि हमले का मास्टरमाइंड पाकिस्तान का पूर्व SSG कमांडर हाशिम मूसा है। मूसा अभी लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम कर रहा है।

लश्कर ने ही उसे जम्मू-कश्मीर भेजा था, ताकि वह सुरक्षा बलों और गैर-कश्मीरियों पर हमलों को अंजाम दे सके। मूसा ने गांदरबल के गगनगीर में अक्टूबर 2024 में हमले को अंजाम दिया था। इसमें कई मजदूर और एक स्थानीय डॉक्टर की जान गई थी।

अटैक की जांच कर रही NIA लगातार सीन री-क्रिएशन कर रही है। एजेंसी आतंकियों की मदद करने वाले स्थानीय नागरिकों की तलाश में है। 22 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए हमले में 26 पर्यटक मारे गए थे।

# पाकिस्तानी हैकर्स ने राजस्थान सरकार की वेबसाइट हैक की

**नई दिल्ली.** पाकिस्तानी हैकर्स ने मंगलवार को राजस्थान के शिक्षा विभाग की वेबसाइट को हैक कर लिया। वेबसाइट के होम पेज पर 'पाकिस्तान साइबर फोर्स। अगला हमला गोलियों से नहीं, टेक्नोलॉजी से होगा' लिखा। शिक्षा विभाग की ओर से वेबसाइट को रिकवर करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह साइबर अटैक पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के बीच हुआ। हैकर्स ने पोस्टर में आपत्तिजनक कंटेंट लिखा। बीते दिनों भारत ने पाकिस्तानी वेबसाइट और सोशल मीडिया हैंडल्स को बैन कर दिया था। सोमवार रात पाकिस्तानी हैकर्स ने स्वायत्त शासन और नगरीय विकास विभाग (DLB) और जयपुर विकास प्राधिकरण (JDA) की वेबसाइट को हैक कर इसी तरह की पोस्ट की थी।

# पाकिस्तान के पूर्व सांसद हरियाणा में बेच रहे आइस्क्रीम

- टूरिस्ट वीजा पर भारत आए
- पाकिस्तानियों को देश छोड़ने के आदेश के बाद सुर्खियों में



**नई दिल्ली.** पाकिस्तान में बेनजीर भुट्टो की सरकार में सांसद रहे दिवाया राम हरियाणा के फतेहाबाद में आइसक्रीम बेच रहे हैं। हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार से परेशान होकर उनका परिवार 25 साल पहले टूरिस्ट वीजा पर पाकिस्तान से भारत आया था।

उनके परिवार में 30 सदस्य हैं। इनमें 2 महिलाओं समेत 6 लोगों को भारत की नागरिकता मिल चुकी है, जबकि बाकी लोगों ने आवेदन किया हुआ है।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दिवाया राम फिर चर्चा में आए हैं। 80 साल के दिवाया राम कहते हैं...

हम भारत में ही रहकर बाकी जीवन जीना चाहते हैं। अगर पाकिस्तान के खिलाफ लड़ने का मौका मिला तो मैं सबसे पहले हथियार उठाऊंगा।

वहीं फतेहाबाद के SP सिद्धार्थ जैन का कहना है कि जिले में कुछ लोग पाकिस्तान से आकर रह रहे हैं। इन्होंने नागरिकता संशोधन कानून आने के बाद भारत की नागरिकता के लिए आवेदन किया हुआ है। आवेदनों की जांच कर रही है। नियम के तहत फिलहाल किसी को पाकिस्तान नहीं भेजा जाएगा।

# भाजपा बोली- लश्कर-ए-पाकिस्तान है कांग्रेस

- आतंकियों जैसी उसकी विचारधारा
- सिरकटी फोटो पोस्ट करने पर कहा- यह राहुल के इशारे पर हुआ




**नई दिल्ली.** भाजपा ने मंगलवार को कांग्रेस की पोस्ट पर कहा कि आतंकवादियों और कांग्रेस की सोच एक जैसी है। कांग्रेस ने एक सिरकटी फोटो पोस्ट की थी और उस पर गायब लिखा था। इसे सर्वदलीय मीटिंग से पीएम मोदी के अनुपस्थित रहने पर कांग्रेस का तंज माना जा रहा है।

इस पर भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि कांग्रेस और आतंकियों की सोच एक जैसी है। कांग्रेस लश्कर-ए-पाकिस्तान है। पाकिस्तान के टावर से कांग्रेस का सिग्नल मिलता है। राहुल के सिग्नल पर ऐसा हो रहा है। पाकिस्तान में वाहवाही के लिए कांग्रेस ऐसा कर रही है।

इधर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। दोनों नेताओं ने प्रधानमंत्री से अपील की कि संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र बुलाया जाए।

### मालवीय बोले- असल में गर्दन तो कांग्रेस की कटी है

कांग्रेस के पोस्ट पर भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा- कांग्रेस सिर तन से जुदा जैसी भाषा के इस्तेमाल से एक बार फिर साबित कर दिया है कि यह मुस्लिम वोट बैंक को ध्यान में रखकर की गई टिप्पणी है। मालवीय ने कहा कि अगर कहावत के तौर पर देखें, तो असल में गर्दन तो कांग्रेस की कटी है। जो अब बिना दिशा वाला एक बेकाबू संगठन बन गई है। बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस और उनके नेताओं की क्या मजबूरी है, कि पाकिस्तान के बोल बोलने जरूरी है? वे पाकिस्तान का समर्थन क्यों कर रहे हैं? जब भारतीयों का खून बहता है तो क्या उन्हें यह देखकर गुस्सा नहीं आता? कांग्रेस किसके साथ खड़ी है, भारत के या पाकिस्तान के?

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी के घर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के नहीं जाने और उनके बयान को शर्मनाक बताया।

# जैसलमेर-बाड़मेर में 46 डिग्री पार

- UP-MP में बारिश से मिली राहत
- बिहार में आंधी-तूफान का यलो अलर्ट

**नई दिल्ली.** देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। राजस्थान में सोमवार को गर्मी ने 7 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। जैसलमेर में दिन का तापमान 46.2 डिग्री सेल्सियस था। यह अप्रैल महीने में अब तक का सबसे ज्यादा तापमान है। इससे पहले जैसलमेर में 30 अप्रैल 2018 को तापमान 46.1 डिग्री था।

जैसलमेर के अलावा बाड़मेर में तापमान 46.4 डिग्री दर्ज हुआ। जोधपुर में पारा 44.4 डिग्री पहुंच गया। जयपुर, अलवर, भीलवाड़ा समेत बाकी शहरों में भी तापमान 40 डिग्री के ऊपर रहा। मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में दो दिन भीषण गर्मी होगी। 1 मई से आंधी-बारिश का दौर शुरू हो सकता है।

दूसरी तरफ, मध्य प्रदेश और यूपी में आज बारिश का अलर्ट है। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकती है। मध्य प्रदेश में 2 मई और यूपी में 3 मई तक बूंदाबांदी जारी रहेगी। लखनऊ में सुबह से बादल छाए हैं। ठंडी हवाएं चल रही हैं। यूपी के 35 से ज्यादा जिलों का तापमान 40 डिग्री से कम हो गया है।

# अहमदाबाद में बांग्लादेशी घुसपैठियों के अवैध निर्माण पर एक्शन

- गुजरात हाईकोर्ट ने भी स्टे की याचिका ठुकराई
- सरकार बोली- चार बांग्लादेशी अलकायदा से जुड़े



**अहमदाबाद.** अहमदाबाद के चंडोला तालाब क्षेत्र में मंगलवार से बांग्लादेशी घुसपैठियों के अवैध निर्माण पर बुलडोजर एक्शन शुरू हो गया है। गुजरात पुलिस ने सोमवार रात से ही तैयारियां शुरू कर दी थीं। यहां 50 बुलडोजर और 36 डंपर लगाए गए हैं। अब तक की 2000 वर्ग गज यानी 18 हजार वर्ग फुट में फैले क्षेत्र के अतिक्रमण को साफ किया जा चुका है। पुलिस, क्राइम ब्रांच, एसओजी, साइबर क्राइम और एसआरपी की टीमें इलाके में तैनात हैं।

### गुजरात हाईकोर्ट ने स्टे की याचिका खारिज की

हाईकोर्ट में इस मेगा डिमॉलिशन पर स्टे लगाने की याचिका दाखिल की गई थी। लेकिन, इस याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। यहां रहने वाले लोगों ने याचिका में कहा था कि कानूनी प्रक्रिया और नियमों का पालन किए बिना तोड़फोड़ की जा रही है। याचिकाकर्ताओं ने यह भी दावा किया था कि यहां रहने वालों के बांग्लादेशी होने के ठोस सबूत नहीं हैं।

हाईकोर्ट में सुबह 11 बजे से 12.30 बजे तक चली सुनवाई के दौरान सरकार ने भी अपना पक्ष रखा। सरकारी वकील ने कोर्ट से कहा कि देश की सुरक्षा के लिहाज से यह कार्रवाई जरूरी है।

# क्रिकेटर आर. अश्विन को पद्मश्री



- हॉकी खिलाड़ी श्रीजेश को पद्म भूषण मिला
- कुवैत की योग टीचर शेखा अली पद्मश्री से सम्मानित

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में सोमवार को 2025 के लिए पद्म अवॉर्ड्स दिए। साल की पहली पद्म सेरेमनी में 71 हस्तियों को पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री से सम्मानित किया गया। जबकि बाकी हस्तियों को जल्द ही एक अलग समारोह में सम्मानित किया जाएगा। सोमवार को हुई सेरेमनी में 4 पद्म विभूषण, 10 पद्म भूषण और 57 पद्म श्री पुरस्कार दिए गए।

कला के क्षेत्र में साउथ फिल्मों के एक्टर अजीत और फिल्म डायरेक्टर शेखर कपूर को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। वहीं गजल गायक पंकज उधास को मरणोपरांत पद्म भूषण सम्मान दिया गया। अवॉर्ड उनकी पत्नी फरीदा ने लिया।

क्रिकेटर आर अश्विन को पद्मश्री, हॉकी खिलाड़ी श्रीजेश को पद्म भूषण दिया गया। वहीं कुवैत की योग टीचर शेखा अली को भी चिकित्सा क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

सरकार ने गणतंत्र दिवस से पहले 2025 के लिए 139 पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया था। इनमें शारदा सिन्हा, ओसामु सुजुकी समेत 13 हस्तियों को मरणोपरांत पुरस्कार दिए जा रहे हैं।

19 हस्तियों को पद्म भूषण के लिए चुना गया है। 113 हस्तियों को इस बार पद्म श्री से सम्मानित किया जाना है। पद्म पुरस्कार विजेताओं में 23 महिलाएं हैं। इनमें 10 विदेशी/NRI/PIO/OCI कैटेगरी के लोग भी हैं।

# भारत की जवाबी कार्रवाई से डरा पाकिस्तान



- लॉन्चिंग पैड से 30-50 आतंकियों को हटाकर बंकरों में भेजा

पहलगाम अटैक के जवाब में भारत के संभावित हमले को देखते हुए पाकिस्तान ने LoC के पास से आतंकियों को हटने का आदेश दिया है। ये इलाके कश्मीर में घुसपैठ के लिए जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों के लॉन्चिंग पैड माने जाते हैं।

पाकिस्तानी सेना को डर है कि भारत इन ठिकानों को निशाना बना सकता है। अभी तक कितने आतंकियों को हटाया गया है, इसकी सटीक संख्या सामने नहीं आई है। लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक यह संख्या 30-50 के बीच हो सकती है।

पाकिस्तानी सेना ने इन आतंकियों को अपने बंकरों और सुरक्षित ठिकानों में शिफ्ट किया है। सूत्रों के अनुसार, ये लॉन्चिंग पैड दुधनियाल, अथमुकाम, लीपा, फॉरवर्ड कहूटा और कोटली जैसे LoC के पास के इलाकों में हैं।

इधर, जम्मू-कश्मीर सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद सभी ट्रेकिंग एक्टिविटीज पर रोक लगा दी है। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि दक्षिण और उत्तर कश्मीर के कई ट्रेकिंग रूटों पर आतंकियों की आवाजाही होती है।

युद्ध की आशंका के बीच 27 अप्रैल की रात तुर्किये के सात सी-130 हरक्यूलिस सैन्य विमान कराची और इस्लामाबाद पहुंचे। इनमें से 6 इस्लामाबाद और एक कराची के पाकिस्तान एयरफोर्स बेस फैसल पर उतरा। ये युद्ध सामग्री लेकर आए हैं। पाकिस्तानी सेना के कई टैंक (जैसे अल-खालिद) और फाइटर जेट (जैसे JF-17) पुराने और सीमित क्षमता वाले हैं। ऐसे में पाकिस्तान युद्ध सामग्री जुटाने में लगा हुआ है।


**उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर**
**प्रभाग समिती क्र.1, सहाय्यक आयुक्त यांचे कार्यालय,**
गोल मैदान, उल्हासनगर-1, दुरध्वनी क्र. 0251-2720139

स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव

**जा.क्र.उमपा/प्र.स.1/23/2025** **दिनांकः 28/04/2025**

**नोटीस**

(महाराष्ट्र नागरी क्षेत्र झाडांचे संरक्षण व जतन अधिनियम 1975 चे कलम 8 (3) अन्वये)

उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्रात प्रभाग समिती क्र. 1 चे हद्दीत खाली नमुद केलेल्या ठिकाणी वृक्ष तोडणेसाठी मा. सहा. आयुक्त (परिवहन), उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर 3. यांचे पत्रानुसार अॅन्टिलिया बस आगार, उल्हासनगर-01 येथे उल्हासनगर महानगरपालिकेचे वातानुकुलित बसगाड्या उभ्या करण्यासाठी नियोजित बस आगारात बसगाडयांच्या प्रवेशासाठी गेट बनविण्याकरिता या ठिकाणी तेथे असलेली भिंत तोडून भिंतीच्या आतील बाजूस असलेली व भिंती बाहेरील झाडे तोडणे आवश्यक असलेवायत प्रस्ताव प्राप्त झालेला आहे. सदर ठिकाणी असणारी गुलमोहर जातीचे एकूण 05 झाडे व सुपारी या जातीचे एकूण 07 झाडे तोडणे करीता मंजुरी मिळणेकामी प्रस्ताव वृक्ष अधिकारी तथा सहायक आयुक्त, प्रभाग समिती क्र.1 यांनी वृक्ष प्राधिकरणाच्या सभेपुढे ठेवण्याचे योजिले आहे.

| अ.क्र. | अर्जदाराचे नांव | ठिकाण | झाडाचा तपशिल |
|---|---|---|---|
| 1 | सहा. आयुक्त (परिवहन), उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर - 3 | अॅन्टिलिया बस आगार, उल्हासनगर-01 | 1. गुलमोहर या जातीचे एकूण 05 झाडे विस्तारीत असुन सदर ठिकाणी झाड तोडणे बाबत. झाडाची उंची 15 ते 15 फुट आहे. तसेच झाडाचा बुंधा 03 ते 04 फुट व मुख्य फांद्या 2, बुंधा- जाडी 3-4 फुट, |
| 2 | | | 2. सुपारी या जातीचे एकूण 07 झाडे विस्तारीत असून सदर ठिकाणी झाड तोडणे बाबत. झाडाची उंची 15 ते 20 फुट आहे. तसेच झाडाचा बुंधा 05 ते 06 फुट व झाडाचे वय 4 ते 5 वर्ष |

उक्त नमुद केलेल्या ठिकाणी असलेले वृक्ष फांद्या छाटणेसाठी कोणत्याही इसमाची हरकत आल्यास त्यांनी आपली हरकत लेखी स्वरुपात दिनांक 06/05/2025 पूर्वी सहायक आयुक्त तथा वृक्ष अधिकारी प्रभाग समिती क्र.1, गोल मैदान, उल्हासनगर-421001 या कार्यालयात सादर करावी. मुदतीत लेखी हरकत प्राप्त झाल्यास संबधितास सुनावणी देऊन अंतीम निर्णय घेतला जाईल, विहित मुदतीत हरकत प्राप्त न झाल्यास प्रस्तुत प्रकरणी गुणवत्तेवर निर्णय घेण्यात येईल, याची नोंद घ्यावी.

सही/-
**(अलका पवार)**
वृक्ष अधिकारी तथा सहा आयुक्त
प्रभाग समिती क्र 1
उल्हासनगर महानगरपालिका

**जा. क्र. उमपा / पीआरओ /74/2025**
**दिनांक :- 29/04/2025**

**संक्षेप...**

## यौन उत्पीड़न के आरोप में मामला दर्ज

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई पुलिस ने 'डेटिंग ऐप्लिकेशन' के जरिए मुलाकात होने के बाद एक महिला का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में 26 वर्षीय व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस बारे में जानकारी देते हुए अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने सितंबर 2020 में हुए कथित यौन उत्पीड़न के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है।

# पहलगाम में मारे गए लोगों के एक परिजन को दी जाएगी सरकारी नौकरी - CM फडणवीस



**मुंबई.** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घोषणा की है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मारे गए लोगों के परिवारों में से एक को सरकारी नौकरी दी जाएगी। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में एक पर्यटक स्थल पर मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले में 26 पर्यटक मारे गए, जिनमें छह महाराष्ट्र के थे। कैबिनेट ने पहलगाम के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। महाराष्ट्र कैबिनेट ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को वित्तीय सहायता को मंजूरी दी।

इसके अलावा, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अगुवाई वाली महाराष्ट्र कैबिनेट ने जहाज निर्माण और किसानों के लिए संशोधित फसल बीमा समेत 12 अहम फैसले लिए हैं। इस बीच, पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिवारों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। मृतक के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आतंकी हमले में जान गंवाने वालों के बच्चों की शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करेगी। सरकार मृतकों के प्रत्यक्ष उत्तराधिकारियों को नौकरी भी देगी।

## तलाठी ने मांगी 50 हजार रुपये की रिश्वत

**ठाणे.** भूमि अभिलेखों के हस्तांतरण की प्रक्रिया के लिए एक व्यक्ति से 50,000 रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में एक 'तलाठी' (लेखपाल) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. एसीबी की ठाणे इकाई की पुलिस उपाधीक्षक माधवी राजेकुंभार ने बताया कि ठाणे तहसीलदार के अधिकार क्षेत्र में कार्यरत तलाठी सिद्धि संतोष पाटकर ने एक हाउसिंग सोसायटी के नाम पर भूमि अभिलेख स्थानांतरित करने के बदले कथित रूप से रिश्वत मांगी थी.

# बाल विवाह रोकने के लिए धार्मिक नेताओं ने की पहल



**ठाणे.** जिले में बाल विवाह रोकने के लिए एमएसवीटी द्वारा शुरू किए गए जागरूकता अभियान को उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है। इस अभियान को नई ताकत मिली है, विशेषकर धार्मिक नेताओं द्वारा बाल विवाह के खिलाफ सक्रिय भूमिका निभाने से।अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर शुरू होने वाले विवाह सीजन के दौरान बाल विवाह में वृद्धि की संभावना को देखते हुए, एमएसवीटी ने सभी धार्मिक नेताओं से एकजुट होकर बाल विवाह रोकने का आवाहन किया है। जिले के सभी मंदिरों, मस्जिदों और चर्चों के सामने यहां बाल विवाह की अनुमति नहीं है के स्पष्ट संकेत लगाए गए हैं।एमएसवीटी के अध्यक्ष मनोज गवांड ने कहा बाल विवाह को रोकने के लिए सबसे पहले धार्मिक नेताओं को शामिल करना जरूरी है।क्योंकि उनकी ओर से ही विवाह समारोह संपन्न होता है। इसलिए अगर हमें उनका सहयोग मिले तो बाल विवाह पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।सजा की गंभीरता को समझाते हुए गवांड ने आगे कहा कि बाल विवाह का आयोजन सुविधा प्रदान करना या प्रोत्साहित करना बाल विवाह रोकथाम अधिनियम (पीसीएमए) 2006 के तहत दंडनीय अपराध है। इस अपराध का दोषी पाए जाने पर दो साल तक की कैद और जुर्माना हो सकता है। इसके अलावा, 18 वर्ष से कम उम्र की विवाहित लड़की के साथ शारीरिक संबंध बनाना भी POCSO अधिनियम के तहत बलात्कार माना जाता है। इसलिए धार्मिक नेताओं को भी इस मामले में जागरूक होने की जरूरत है।पिछले वर्ष एमएसवीटी और सेवा संस्था के संयुक्त प्रयासों तथा जिला महिला एवं बाल विकास ठाणे की मदद से ठाणे जिले में 18 बाल विवाह रोके गए। यह सफलता स्थानीय प्रशासन पुलिस विभाग और सामुदायिक स्वयंसेवकों के सक्रिय सहयोग के कारण संभव हुई है।

### ठाणे को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने का लक्ष्य

एमएसवीटी जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन नेटवर्क का साझेदार है जो 416 जिलों में बाल अधिकारों की रक्षा के लिए काम करता है। पिछले कुछ वर्षों में जेआरसी की ओर से देशभर में दो लाख से अधिक बाल विवाह रोके गए हैं और पांच करोड़ नागरिकों ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली है। एमएसवीटी के ट्रस्टी एडवोकेट ने कहा आज जिले में कई पंडित, मौलवी और पादरी बाल विवाह रोकने के लिए खुद आगे आ रहे हैं। उन्होंने लड़कियों की उम्र की पुष्टि किए बिना विवाह की रस्में करने से इनकार कर दिया है। यह बदलाव समाज के लिए बहुत सकारात्मक यह बात अशोक पवार ने कहा।उ न्होंने आगे कहा अगर धार्मिक नेता कड़ा रुख अपनाएं तो बाल विवाह जैसी खतरनाक प्रथा को देश से खत्म किया जा सकता है। हमें पूरा विश्वास है कि हम जल्द ही ठाणे को बाल विवाह मुक्त जिला बना देंगे।

# भिवंडी में 54,630 के नकली नोट बरामद

■ **1 गिरफ्तार, दूसरा फरार**

**भिवंडी.** भिवंडी गैबीनगर एरिया से 54,630 हजार रुपए के नकली नोट के साथ शाहीद अख्तर अब्दुल हफिस अन्सारी (44.नाशिक)नामक युवक को गिरफ्तार किया है और शाहिद का साथी शाहिद शेख ( मालेगाव) पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया.

मिली जानकारी के अनुसार, गैबीनगर एरिया के पास शाहिद अन्सारी द्वारा शाहिद शेख से नकली नोट लेकर बाजार में चलाने की सूचना पुलिस को मिली थी.सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने रात करीब 11बजे गैबीनगर भारत कंपाउंड स्थित सबका होटल के पास जाल बिछाकर शाहिद अंसारी को घर दबोचा और अंधेरे का फायदा उठाकर पुलिस टीम को चकमा देकर दूसरा साथी मालेगांव निवासी शाहिद शेख फरार होने में सफल रहा.पुलिस टीम ने शाहिद अंसारी से 54,630 हजार रुपए के नकली नोट बरामद किया है.मामले की तहकीकात सहायक पुलिस निरीक्षक सुरेश चोपड़े कर रहे हैं.

# ठाणे मनपा क्षेत्र में 50 स्थानों पर अस्थायी जलापूर्ति उपलब्ध




**ठाणे.** भीषण गर्मी से राहत के लिए मनपा की ओर से तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार कई संस्थाओं की मदद से मनपा क्षेत्र में कुल 50 स्थानों पर अस्थायी जलापूर्ति की व्यवस्था की गई है।यह अतिरिक्त 25 पानी की योजनाएं क्रेडाई-एमसीएचआई के सहयोग से शुरू की गई हैं। इससे पहले प्रथम चरण में यस चैरिटेबल ट्रस्ट, जेवीएम चैरिटेबल फाउंडेशन और समर्थ भारत व्यासपीठ की भागीदारी से 25 जगहों पर पीने के पानी की शुरुआत हुई है। शहर में बढ़ती गर्मी से उत्पन्न संकट को नियंत्रित करने के लिए पिछले वर्ष ठाणे के लिए एक व्यापक ताप प्रबंधन योजना तैयार की गई थी। यह योजना महाराष्ट्र सरकार,मनपा और ऊर्जा, पर्यावरण द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई है। ठाणे मनपा गर्मी से लड़ने के लिए सतर्क है और स्थिति की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, आयुक्त सौरभ राव के निर्देशानुसार मनपा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।मनपा युक्त सौरभ राव द्वारा दिए गए निर्देशानुसार पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी मनपा क्षेत्र में सिंचाई शुरू कर दी गई है। आयुक्त राव ने विभागाध्यक्षों की समीक्षा बैठक में इनकी संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए थे। तदनुसार, मुख्य पर्यावरण अधिकारी मनीषा प्रधान ने बताया कि पर्यावरण विभाग ने क्रेडाई-एमसीएचआई के सहयोग से 25 और अस्थायी सिंचाई योजनाएं शुरू की हैं। नागरिकों की सुविधा के लिए इन 50 स्थानों पर बड़े पानी के टैंक और गिलास रखा हैं।संबंधित सभी संस्था वहां प्रतिदिन स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था कर रहा है।कोपरी बस स्टॉप-हनुमान मंदिर के सामने, सिडको स्टॉप-मंदिर के पास, खोपट रिक्शा स्टैंड के पास, गावदेवी पार्किंग, जंभाली नाका, आरटीओ-जेल के पास, खोपट एसटी स्टैंड, वंदना एसटी स्टैंड, बी-केबिन, तीन हाट नाका - रिक्शा स्टैंड, घोसले झील के पास, कैडबरी सिग्नल-शेयर रिक्शा स्टैंड, वृंदावन बस स्टॉप, गोकुलनगर बस स्टॉप, कैसल मिल सर्कल, नंबर पर नए अस्थायी जल बिंदु शुरू किए गए हैं।शेयर रिक्शा स्टैंड, मानपाड़ा चौक, टेंपो स्टैंड, ढोकाली शेयर रिक्शा स्टैंड, मानपाड़ा-टाइटन अस्पताल के सामने, वसंत विहार बस स्टॉप, शास्त्री नगर नाका, दिवा महोत्सव नाका, दिवा-अगासन रोड, खारीगांव, दिवा-शील रोड-शिलफाटा। ठाणे स्टेशन, कोपरी ब्रिज, आइस फैक्ट्री, आशर आईटी पार्क, किसननगर स्कूल, एमआईडीसी-अंबिका नगर नंबर 3, पडवल नगर, हजूरी गांव, पासपोर्ट कार्यालय बस स्टॉप, तीन हात नाका, कोलशेत रोड नाका, बालकुम नाका,माजीवाड़ा नाका, कलवा स्टेशन रोड, 90 फीट रोड-खारेगांव, कलवा नाका-दत्ता मंदिर, कौसा तालाब, वफ़ा पार्क, अमृत नगर पुलिस चौकी-मुंब्रा, लोकमान्य डिपो, सेंट्रल जेल के पीछे- राबोडी नाका, वर्तकनगर कोर्ट नाका, शास्त्री नगर नाका आदि जगहों पर शुरू कर दिया गया है।

# मुहम्मद रफी अंसारी लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित



▸▸ उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** प्रसिद्ध शैक्षिक एवं साहित्यिक संस्था 'हम नशीं' द्वारा अंसारी साफिया गर्ल्स हाई स्कूल प्रांगण में शिक्षकों के लिए एक साहित्यिक कुइज का आयोजन किया गया. भव्य समारोह में, प्रसिद्ध शायर एवं लेखक मुहम्मद रफी अंसारी को उनकी शैक्षिक, साहित्यिक,सामाजिक एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में सराहनीय योगदान एवं सेवाओं के लिए समारोह के अध्यक्ष डॉ शेख अब्दुल्ला (उपाध्यक्ष, अंजुमन-ए-इस्लाम, मुंबई) प्रसिद्ध कवि इरफान जाफरी,स्टैंड-अप कॉमेडियन रहमान खान, विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया.

गौरतलब है कि उपहारों के साथ-साथ उक्त अवसर पर एक प्रशंसा पत्र भी भेंट किया गया, जिसे संस्था की ओर से रफी सर के शिष्य शमीम इकबाल मोमिन (प्रवक्ता रईस जूनियर कॉलेज) ने लिखा है.इस खुशी के अवसर पर रईस हाईस्कूल और जूनियर कॉलेज के चेयरमैन इंजीनियर यासर तातली, प्रिंसिपल जियाउर रहमान अंसारी, उप प्रधानाचार्य आमिर सिद्दीकी,सहायक मुख्यध्यापक मुखलिस मदू, पर्यवेक्षक असरार पठान, सिब्तैन कशेलकर, वाईसीएमओयू अध्ययन केंद्र के समन्वयक अब्दुल अजीज अंसारी तथा समस्त स्टाफ सदस्यों ने मुहम्मद रफी अंसारी सर को बधाई एवं शुभकामनाऐं दी हैं.

## बांद्रा के मॉल में लगी भीषण आग

**मुंबई.** महाराष्ट्र के बांद्रा के लिंकिन रोड पर लिंक स्क्वायर मॉल में क्रोमा शोरूम में अचानक भीषण आग लग गई. आग की घटना से क्रोमा शोरूम को बड़ा नुकसान हुआ है. आग सुबह 4 बजे लगी और फायर ब्रिगेड अभी भी आग बुझाने की कोशिश में जुटी है. लिंक स्क्वायर मॉल चार मंजिला इमारत है. क्रोमा शोरूम के बेसमेंट पर लगी आग जो ऊपरी मंजिल तक बढ़ती हुई दिखाई दे रही है. मौके पर फायर ब्रिगेड की 7 गाड़ियां आग को बुझाने की पूरी कोशिश कर रही है.

**फायर ब्रिगेड की लापरवाही से बढ़ी आग**

मुंबई में लगी आग को लेकर NCP नेता जीशान सिद्दीकी ने कहा कि हम सुबह 4 बजे से यहां हैं, मैं साफ शब्दों में कहना चाहता हूं कि ये आग फायर ब्रिगेड की लापरवाही की वजह से बढ़ी है।

# ठाणे मनपा ने मनाया सेवा का अधिकार दिवस

**शपथ ग्रहण, नागरिक सुविधा केन्द्र का निरीक्षण, जागरूकता रैली का आयोजन**

**ठाणे.** महाराष्ट्र लोक सेवा अधिकार अधिनियम, 2015 के कार्यान्वयन के दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर ठाणे मनपा ने 28 अप्रैल को सेवा अधिकार दिवस मनाया।इस अवसर पर मनपा के अधिकारियों और कर्मचारियों ने शपथ ली और वरिष्ठ अधिकारियों ने नागरिक सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया।साथ ही इस कानून के बारे में महिलाओं में जागरूकता पैदा करने के लिए एक सभा का आयोजन भी किया गया।सेवा का अधिकार दिवस के अवसर पर स्व. नरेन्द्र बल्लाल हॉल में मनपा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस अधिनियम के अन्तर्गत उन्हें सौंपे गए दायित्व का निर्वहन करने, पात्र नागरिकों को सरकारी सेवाएं पारदर्शी तरीके से, निर्धारित समयावधि में एवं शिष्टाचार के साथ, पूरी ईमानदारी, निष्ठा, सत्यनिष्ठा, संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहने की शपथ ली। इस अवसर पर अपर अतिरिक्त आयुक्त 2 प्रशांत रोडे, उपायुक्त जी.जी.गोदापुरे, उमेश बिरारी व अनघा कदम, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रानी शिंदे सहित मनपा के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। सेवा अधिकार दिवस के अवसर पर महिलाओं में जागरूकता लाने के लिए एक सभा का आयोजन किया गया।इसका आयोजन नरेन्द्र बल्लाल हॉल में किया गया। इस सभा में उपायुक्त उमेश बिरारी ने महाराष्ट्र लोक सेवा अधिकार अधिनियम, 2015 के प्रावधानों की जानकारी दी। मनपा द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएं, उनके लिए निर्धारित समय-सीमा आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। उपायुक्त जी.जी.गोदापुरे ने सेवा के अधिकार के संबंध में राज्य सरकार की भूमिका और मनपा द्वारा की गई पहलों के बारे में बताया। इस बीच, उपायुक्त अनघा कदम ने सेवा अधिकार दिवस समारोह में उपस्थित महिलाओं का धन्यवाद किया।

## म्हाडा ने अब नहीं लगेगी कतार

**मुंबई.** मुंबई में म्हाडा के उपाध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव जायसवाल ने कार्यालय लेनदेन को अधिक आसान और सुविधाजनक बनाने के लिए म्हाडा मुख्यालय में कई महत्वपूर्ण चीज़ों का उद्घाटन किया। साथ ही पारदर्शिता लाने के लिए म्हाडा के संवेदनशील दस्तावेजों को छोड़कर लगभग 15 करोड़ दस्तावेज स्कैन कर अगले आठ दिनों में सार्वजनिक रूप से वेबसाइट पर अपलोड करने का फैसला लिया है।

# मनपा ने मनाया 'सेवा हक्क दिन'




**भिवंडी.** भिवंडी मनपा में 'सेवा हक्क दिन' कार्यक्रम का आयोजन अतिरिक्त आयुक्त विट्ठल डाके की अध्यक्षता में किया गया. कार्यक्रम का आयोजन शासन परिपत्रक तथा महापालिका के प्रशासक एवं आयुक्त अनमोल सागर के निर्देशानुसार किया गया था. सेवा हक दिन कार्यक्रम मौके पर अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल ढाके और ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि महाराष्ट्र लोकसेवा हक्क अधिनियम 2015 के तहत भिवंडी महानगरपालिका द्वारा नागरिकों को कुल 70 सेवाएं प्रदान की जाती हैं. सभी सेवाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्वक उपलब्ध कराना संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों का दायित्व है.उन्होंने कहा कि नागरिकों को बेहतर सेवा देना ही हमारा मुख्य उद्देश्य होना चाहिए.कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को ₹सेवा हक्क दिन₹ की शपथ भी दिलाई गई. उक्त मौके पर उप आयुक्त (कर) बालकृष्ण क्षिरसागर, शहर अभियंता जमील पटेल, उप आयुक्त शैलेश दोंदे, सहायक आयुक्त नितीन पाटिल समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे. कार्यक्रम का समापन नागरिकों को उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के संकल्प के साथ किया गया.

# RTE के तहत प्रवेश : प्रतीक्षा सूची चरण-3 शुरू

■ **शिक्षा अधिकारियों की अभिभावकों से महत्वपूर्ण अपील**




**ठाणे.** निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम 2009 के अनुसार इस वर्ष भी 25 प्रतिशत प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन लागू की जा रही है।प्रतीक्षा सूची चरण 3 से चयनित विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह प्रक्रिया तिथिबद्ध है। 28 अप्रैल से 7 मई तक पूरा किया जाना है।चयनित विद्यार्थियों के अभिभावकों को प्रवेश हेतु आवश्यक जानकारी एसएमएस के माध्यम से भेजी जा रही है। हालांकि, शिक्षा अधिकारी बालासाहेब राक्षे ने अभिभावकों से अपील की है कि वे केवल एसएमएस पर निर्भर न रहें, बल्कि आरटीई पोर्टल पर आवेदन स्थिति टैब पर अपने बच्चों का आवेदन क्रमांक दर्ज करके उनके आवेदन की स्थिति नियमित रूप से जांचते रहें।प्रतीक्षा सूची से चयनित विद्यार्थियों के अभिभावकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर आवंटन पत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ निकटतम सत्यापन केंद्र पर जाकर दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश की पुष्टि करानी होगी। सभी दस्तावेजों का सत्यापन। इसे 7 मई तक पूरा किया जाना है।ठाणे जिले के पंचायत समिति और मनपा क्षेत्रों में कुल 627 पात्र स्कूलों में 11,320 रिक्तियां उपलब्ध थीं। अब तक 8,358 प्रवेश पूरे हो चुके हैं। प्रतीक्षा सूची चरण 3 के अंतर्गत शेष रिक्त सीटों पर विद्यार्थियों को प्रवेश देने की प्रक्रिया चल रही है।

## तालाब में युवक डूबा

बागले एस्टेट रायला देवी तालाब में अपने दोस्तों के साथ तैरते समय 18 वर्षीय एक लड़का डूब गया. जिसकी वजह से उसकी मौत हो गयी. मनपा के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि साहिल घोरपड़े अपने दोस्तों के साथ तैराकी करने गया था.






### आम सूचना

हम श्री जयचंदरा रुमरुप जयसवाल व श्रीमती सावित्री जयचंद जैसवाल सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, 1072 चौ.फुट, सामने बैरक नं. 568, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 19बीआय01606 0200) उक्त प्रॉपर्टी श्री अशोक तीर्थदास कारिया के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट 13.8.2024 सी.नं. 1538 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्री जयचंदरा रुमरुप जयसवाल व श्रीमती सावित्री जयचंद जैसवाल**

### आम सूचना

मैं श्री धीरज रमेश इदनानी सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 713, बी विंग, पंच रतन को-आप हाउसिंग सोसायटी, गांधी रोड, वॉटर सप्लाई आफीस के पास, उल्हासनगर- 5. उक्त फ्लैट मैंने श्रीमती प्रमिला वासू मूलचंदानी से दि. 11.10.2024 को लिया है। इस फ्लैट के शेयर सर्टिफिकेट नं. 491 से 495 है। जिसे अब मेरे नाम पर ट्रांसफर किए जा रहे हैं। अगर इस शेयर सर्टिफिकेट ट्रांसफर के दौरान किसी भी व्यक्ति को कोई भी ऐतराज या हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्री धीरज रमेश इदनानी**

# शादी के शुरू में अकेला महसूस करती थीं माधुरी



माधुरी दीक्षित और डॉक्टर श्रीराम नेने की शादी को कई साल हो गए हैं। दोनों बॉलीवुड के परफेक्ट कपल्स में से एक हैं। माधुरी ने नेने से शादी करने के बाद फिल्मों से दूरी भी बना ली थी। इतना ही नहीं नेने तो जब पहली बार माधुरी से मिले थे, उन्हें पता ही नहीं था कि वह एक बड़ी सुपरस्टार हैं। माधुरी का अब एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें उन्होंने शादी के मुश्किल दिनों के बारे में बात की।

अपने यूट्यूब चैनल में माधुरी ने बताया कि वैसे तो उनकी शादी की जर्नी काफी प्यारी रही है, लेकिन वह घर संभालती थीं जब डॉक्टर नेने काम पर होते थे। हालांकि नेने उनके काम में मदद भी करते थे जब वह फ्री होते थे। तभी नेने मजाक करते हैं कि जब हार्ट सर्जन रिटायर होता है तो उनकी पत्नी उन्हें घर से निकाल देती हैं क्योंकि फिर वे घर के सभी कैबिनेट ऑर्गेनाइज करते हैं।

माधुरी ने वहीं शादी के शुरुआत दिनों को लेकर कहा, 'जब हमारी शादी हुई थी तब नेने फ्लोरिडा में थे काम को लेकर और कई दिन हो जाते थे उन्हें देखे हुए। वह रात भर काम करते और जब घर आते तो इतने थके होते थे कि डिनर भी नहीं करते थे और सो जाते थे।' डॉक्टर नेने ने कहा, 'आपको अपने फिल्ड में बेस्ट होना चाहिए और इसके लिए प्री मेडिकल रिक्वायरमेंट्स चाहिए होते हैं।

नेने ने फिर माधुरी से पूछा कि उनके लिए कैसा था एक्सपीरियंस उनसे शादी करने पर तो माधुरी ने कहा, 'काफी मुश्किल था क्योंकि आप बच्चों को देख रहे थे, उन्हें स्कूल लेकर जा रहे थे और वापस भी लेकर आते थे। कभी कुछ जरूरी होता था तो आप नहीं थे क्योंकि आप अस्पताल में थे। कभी मैं बीमार होती थी, लेकिन आप वहां नहीं होते थे क्योंकि आप किसी और का ध्यान रखते थे। लेकिन मुझे हमेशा आप पर गर्व रहा है। आप जब घर होते थे, आप सब चीजें हैंडल करते।






यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099